उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,पिकप भवन तृतीय तल,

गोमती नगर, लखनऊ- 226010

संख्या- 03/1/विज्ञा० अनु०(ग्यारह)/2018/1-परीक्षा/2018

लखनऊ : दिनांक: 07 अप्रैल, 2018

## आवश्यक सूचना

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ के विज्ञापन संख्या- 1-परीक्षा/2018 द्वारा सम्मिलित व्यायाम प्रशिक्षक एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी (चयन सामान्य) प्रतियोगितात्मक परीक्षा 2018 के अंतर्गत विज्ञापित व्यायाम प्रशिक्षक तथा क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी के पदों पर चयन हेतु आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त हेतु परीक्षा योजना (अनंतिम) एवं पाठ्यक्रम निम्नवत है:-

## सम्मिलित व्यायाम प्रशिक्षक एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा, 2018 हेतु परीक्षा योजना (अनन्तिम) एवं पाठ्यक्रम

### परीक्षा योजना (अनन्तिम)

| क्र0सं0 | विषय | प्रश्नों की संख्या | अंक | परीक्षा अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | भाग–1 सामान्य बुद्धि परीक्षण | 50 | 100 | 2 घंटा |
| 2. | भाग–2 सामान्य ज्ञान | 50 | 100 | |
| 3. | भाग–3 सामान्य विज्ञान तथा अंक गणित | 50 | 100 | |
| 4. | भाग–4 सामान्य हिन्दी | 50 | 100 | |
| कुल योग | | 200 | 400 | |

उपरोक्त परीक्षा हेतु निगेटिव मार्किंग (ऋणात्मक अंक) दिये जाने का भी प्रावधान किया जा रहा है, जो कुल 50 प्रतिशत होगी अर्थात दो प्रश्न गलत होने पर एक सही प्रश्न का अंक काटा जायेगा।

### पाठ्यक्रम

#### भाग–1 सामान्य बुद्धि परीक्षण

(1) युक्तिसंगत एवं आलोचनात्मक तथा विश्लेषणात्मक योग्यता।

(2) सामान्य मानसिक योग्यता–ऐसे प्रश्न जिनसे, अभ्यर्थी की परिणाम परक अभिक्षमता की परख हो सके।

(3) सांख्यिकीय विश्लेषण–ग्राफ और डायग्राम, जिनसे अभ्यर्थियों की सांख्यिकीय, ग्राफकीय, डायग्राम संबंधी प्रस्तुत सूचना से सामान्य ज्ञान संबंधी परिणाम, निष्कर्ष निकालने की क्षमता की परख हो सके।

#### भाग–2 सामान्य ज्ञान

(1) कम्प्यूटर ज्ञान–कम्प्यूटर का परिचय, हार्डवेयर एवं साफ्टवेयर, कम्प्यूटर नेटवर्क, इन्टरनेट एवं ई–मेल।

SARKARIRESULT.COM

(2) उ0प्र0 पर आधारित विशिष्ट प्रश्न–शिक्षा, संस्कृति, कृषि, जनसंख्या, व्यापार एवं वाणिज्य, उद्योग, सामाजिक प्रथायें, ललित कला, लोक कलाएं (गायन, संगीत, नाटक आदि विधाओं की सामान्य जानकारी) आदि।

(3) अन्तर्वैयक्तिक क्षमता, जिसमें सम्प्रेक्षण कौशल, निर्णय क्षमता एवं समस्या समाधान भी समाहित होगा।

(4) सामान्य मानव व्यवहार–अनुशासन, नैतिकता, नेतृत्व, महिलाओं का सशक्तीकरण।

(5) भारत का इतिहास एवं भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन–भारतीय इतिहास के अन्तर्गत सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक पक्षों की सामान्य जानकारी। भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन पर अभ्यर्थियों से स्वतंत्रता आन्दोलन, राष्ट्रीयता का अभ्युदय तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के संबंध में सारपरक जानकारी अपेक्षित है।

(6) भारत एवं विश्व भूगोल, भारत एवं विश्व का भौतिक, सामाजिक एवं आर्थिक भूगोल–भारत के भूगोल के अन्तर्गत देश के भौतिक, सामाजिक एवं आर्थिक भूगोल से संबंधित प्रश्न होंगे। विश्व भूगोल में विषय की केवल सामान्य जानकारी अपेक्षित होगी।

(7) भारतीय राजनीति एवं शासन, संविधान, राजनीतिक व्यवस्था, पंचायतीराज, लोकनीति एवं अधिकारित मुद्दे आदि–भारतीय राजनीति एवं शासन के अन्तर्गत देश के संविधान, पंचायतीराज तथा सामुदायिक विकास सहित राजनीतिक प्रणाली के ज्ञान से संबंधित प्रश्न होंगे।

(8) भारतीय अर्थव्यवस्था एवं सामाजिक विकास एवं गांधी विचारधारा–अभ्यर्थियों के जनसंख्या, पर्यावरण तथा नगरीकरण से संबंधित समस्याओं एवं पारस्परिक संबंध, भारतीय आर्थिक नीति एवं भारतीय संस्कृति के व्यापक स्वरूप के ज्ञान का परीक्षण किया जायेगा। बैंकिंग, बहीलेखन और लेखाशास्त्र आदि से संबंधी प्रश्न होंगे।

(9) राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय महत्व की सामयिक घटनायें–इसमें खेलकूद के प्रश्न भी सम्मिलित होंगे।

(10) भारतीय कृषि–भारत में कृषि, कृषि उत्पाद एवं उसके विपणन के संबंध में सामान्य जानकारी की अपेक्षा अभ्यर्थियों से होगी।

<u>भाग–3 सामान्य विज्ञान तथा अंक गणित</u>

(1) सामान्य विज्ञान– सामान्य विज्ञान (विज्ञान जीव विज्ञान, रसायन, भौतिकी) के प्रश्न दैनिक अनुभव तथा प्रेक्षण से संबंधित विषयों सहित विज्ञान के सामान्य परिबोध एवं जानकारी पर आधारित होगें, जिसकी ऐसे किसी भी सुशिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जा सकती है, जिसने वैज्ञानिक विषयों का विशेष अध्ययन नहीं किया हो। इसमें भारत के विकास में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की भूमिका, संतुलित आहार, कैलोरी डिस्ट्रीब्यूशन, प्रोटीन, विटामिन, डायरिया, विटामिन की कमी से होने वाली बीमारियां एवं बचाव, एनीमिया, विभिन्न बीमारियों में भोज्य पदार्थ का महत्व, टीकाकरण का महत्व, जलचक्र, जलस्रोत के प्रकार, पेयजल गुणवत्ता के मानक, एक्यूफर, इलेक्टो मैगनेटिक रेजिस्टिविटी सर्वेक्षण आदि से संबंधित प्रश्न पूछे जायेंगे।

(2) प्रारम्भिक गणित हाईस्कूल स्तर तक– इसमें अंकगणित, बीजगणित एवं रेखागणित से संबंधित प्रश्न होंगे।

<u>भाग–4 सामान्य हिन्दी</u>

(1) अपठित गद्यांश का संक्षेपण, उससे संबंधित प्रश्न, रेखांकित अंशों की व्याख्या एवं उसका उपयुक्त शीर्षक।



SARKARIRESULT.COM

(2) शासकीय, अर्द्धशासकीय, वैयक्तिक तथा व्यावसायिक समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित को सम्बोधित पत्र, कार्यालय आदेश, अधिसूचना और परिपत्र संबंधी प्रश्न।

(3) वर्ण एवं ध्वनि विचार : उच्चारण, लेखन, स्वर, व्यंजन, मात्रा–पहचान और प्रयोग, ध्वनियों का वर्गीकरण।

(4) शब्द रचना : सन्धि एवं सन्धि विच्छेद, समास, उपसर्ग, प्रत्यय।

(5) शब्द प्रकार : (क) तत्सम, अर्धतत्सम, तद्भव, देशज, विदेशी।

(ख) संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, अव्यय (क्रिया विशेषण, संबन्ध सूचक, विस्मयबोधक निपात)

(6) शब्द ज्ञान : पर्यायवाची, विलोम, शब्द युग्मों का अर्थ भेद, वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द, समश्रुत भिन्नार्थक शब्द, समानार्थी शब्दों का विवेक, उपयुक्त शब्द चयन, संबंधवाची शब्दावली।

(7) शब्द शुद्धि।

(8) व्याकरणिक कोटियां : परसर्ग, लिंग, वचन, पुरूष, काल, वृत्ति, पक्ष, वाच्य।

(9) वाक्य रचना, प्रकार–सरल, संयुक्त, मिश्र, वाक्य शुद्धि।

(10) विराम चिन्हों का प्रयोग।

(11) मुहावरें/लोकोक्तियां।

(12) अनुवाद : समतुल्य शब्द चयन, वाक्यांश का अर्थ।

(13) उ0प्र0 की मुख्य बोलियां तथा हिन्दी भाषा के प्रयोग में होने वाली अशुद्धियां।

(14) हिन्दी से अंग्रेजी तथा अंग्रेजी से हिन्दी अनुवाद।

(15) हिन्दी भाषा/हिन्दी साहित्य का सामान्य ज्ञान।

सचिव

उ० प्र० अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

लखनऊ

SARKARIRESULT.COM